सुरक्षित रूप से ब्राउज़ करना

यह संसाधन ऑनलाइन ट्रैकिंग के सामान्य रूपों से बचने के लिए सुरक्षित रूप से ऑनलाइन ब्राउज़ करने के लिए कुछ व्यावहारिक प्रथम चरण प्रदान करता है, और गोपनीयता-केंद्रित ब्राउज़रों का उपयोग करने, निजी/गुप्त ब्राउज़िंग, इतिहास साफ़ करना, और गुमनाम ईमेल और मजबूत पासवर्ड के साथ साइन इन करने जैसी प्रक्रियाओं के बारे में बताता है।

यह आपके उपकरणों को सुरक्षित रखने के लिए सामान्य युक्तियाँ हैं।
अलग उपकरणों के लिए विशेष चरण भिन्न हो सकते हैं और समय के साथ बदल सकते हैं।

iPhones और iPads पर, आप आमतौर पर होम स्क्रीन पर "सेटिंग" टैप कर के, और फिर सर्च बार दिखाने के लिए नीचे की ओर स्वाइप करके एक सेटिंग ढूंढ सकते हैं। (सहायता के लिए, http://tiny.cc/iphonesearch.) देखें।)

android

Android उपकरणों पर, होम स्क्रीन से ऊपर की ओर स्वाइप करें: एक सर्च बार दिखाई देगा जिसमें लिखा होगा "अपना फोन खोजें और अधिक"। खोज बार में वह सेटिंग टाइप करें जिसे आप ढूंढ रहे हैं।

ऐसे ब्राउज़र का उपयोग करें जो गोपनीयता को महत्वता देते हैं।

Firefox और *DuckDuckGo* जैसे ब्राउज़र गोपनीयता को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किए गए हैं, इसलिए वे आपको कम-से-कम ट्रैक करते हैं। अपने उपकरण के साथ आए ब्राउज़र के स्थान पर उनमें से किसी एक को आज़माएँ।

निजी या गुमनाम ब्राउज़िंग

अधिकांश ब्राउज़रों में निजी या गुमनाम मोड होता है। यह मोड ब्राउज़र को आपके द्वारा देखी गई साइटों को रिकॉर्ड करने से रोकता है, परंतु यह उन साइटों (या आपके इंटरनेट प्रदाता, या आपके उपकरण पर अन्य ऐप) को रिकॉर्ड करने से नहीं रोकता है कि आप क्या कर रहे हैं।

आइकन की

निजी या गुमनाम मोड

सेटिंग्स

©2023 MediaSmarts

सुरक्षित रूप से ब्राउज़ करना

अपना इतिहास साफ़ करें

"इतिहास" खोजें। यदि आपका *Google* खाता है, तो आप अपना Google और *YouTube* इतिहास भी साफ़ कर सकते हैं। **myactivity.google.com** पर जाएँ और “वेब एवं ऐप गतिविधि”, “स्थान इतिहास” और “YouTube इतिहास” को बंद कर दें।

Safari पर अपना ब्राउज़र इतिहास साफ़ करने के लिए, सेटिंग्स पर टैप करें, फिर Safari > इतिहास और वेबसाइट डेटा साफ़ करें पर टैप करें, या "वेबसाइट डेटा" खोजें।

एक गुमनाम ईमेल से साइन इन करें

कई वेबसाइट और सेवाएँ साइन अप करने के लिए आपको एक ईमेल पता प्रदान करने की माँग करती हैं। यदि आपको सत्यापन लिंक पर क्लिक करने की आवश्यकता नहीं है, तो आप **Sharklasers.com** पर बनाए गए नकली ईमेल पता का उपयोग कर सकते हैं।

आप एक निःशुल्क, निजी और सुरक्षित *Protonmail* ईमेल पता भी बना सकते हैं, ताकि आपको किसी ऐसे पता का उपयोग न करना पड़े जिसे कोई और पहचान सके।

मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें

आप एक यादगार वाक्यांश (जैसे "मुझे केले पसंद हैं") से आरंभ करके और फिर कुछ अक्षरों को संख्याओं या वर्णों (जैसे तारांकन या विस्मयादिबोधक चिह्न भी) इसे !L1keBan@nas बना सकते हैं।

परंतु अलग-अलग खातों के लिए एक ही पासवर्ड का उपयोग न करें। यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि अपने मुख्य ईमेल खाते के लिए एक अलग मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें, क्योंकि खाता पुनर्प्राप्ति के ईमेल वहीं भेजे जाएँगे। आप *1Password* जैसे पासवर्ड मैनेजर का भी उपयोग कर सकते हैं। यदि आप ऐसा करते हैं, तो उह सुनिश्चित करें कि इसके लिए आप जिस पासवर्ड का उपयोग कर रहे हैं वह मजबूत है और आपके अन्य सभी पासवर्ड से अलग है।

आइकन की

निजी या गुमनाम मोड

सेटिंग्स

MediaSmarts

Financial contribution from

Public Health Agency of Canada

Agence de la santé publique du Canada